हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 17 दिसंबर 2025

04 एसआईआर कार्यों में समय-सीमा का कड़ाई से...




07 तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, 2 महिलाओं ...





# सीहोर छोड़ आष्टा-बुदनी से बनेगा भाजयुमो जिलाध्यक्ष, इछावर से उम्मीद बेकार...

## प्रदेश भाजयुमो जिलाध्यक्ष की ताजपोशी के बाद अब जिले में कयासों का दौर शुरू, उम्र का बंधन आएगा आड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में श्याम टेलर की ताजपोशी के बाद अब जिलाध्यक्षों के नामों को लेकर जिले के राजनीतिक गलियारों में कयासों का दौर शुरू हो गया है। सबसे खास बात यह है कि इस बार युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष की कुर्सी सीहोर विधानसभा क्षेत्र के खाते में नहीं जाएगी, जिससे आष्टा और बुदनी के युवा नेताओं की उम्मीदें बढ़ गई हैं, जबकि इछावर विधानसभा से उम्मीद लगाना बेकार ही है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस निर्णय के पीछे संगठन की एक पुरानी परंपरा है, जिसके अनुसार भाजपा के मेन विंग की कमान पहले से ही सीहोर शहर के निवासी नरेश मेवाड़ा के पास है। यह बीते दो दशकों से देखने में आया है कि एक ही विधानसभा से मुख्य जिलाध्यक्ष और भाजयुमो जिलाध्यक्ष दोनों नहीं बनाए जाते, ताकि जिले की अन्य सीटों को भी प्रतिनिधित्व मिल सके। इस कारण संगठन अब जिले की बाकी तीन विधानसभा सीटों आष्टा, बुदनी या इछावर में से किसी एक को यह महत्वपूर्ण कमान सौंपकर क्षेत्रीय समीकरणों को साधने का प्रयास करेगा।

### बुदनी और आष्टा मुख्य दावेदार

सीहोर विधानसभा के बाहर होने से अब बुदनी और आष्टा पर सबकी निगाहें टिकी हैं। बुदनी और आष्टा से मजबूत दावेदार सामने आ सकते हैं। जबकि इछावर विधानसभा क्षेत्र की बात करें तो राजनीति के जानकारों का कहना है कि राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के विधायकी कार्यकाल में इछावर से न तो कभी मेन जिलाध्यक्ष बन पाया है और न ही युवा मोर्चा का। ऐसे में भाजयुमो जिलाध्यक्ष की ताजपोशी के लिए इछावर से उम्मीद लगाना इस बार भी बेकार ही है।

### उम्र का क्राइटेरिया भी महत्वपूर्ण

एक ओर महत्वपूर्ण बात यह है भाजयुमो जिलाध्यक्ष बनने का सपना देख रहे युवाओं के आड़े उम्र का बंधन भी आएगा।

भाजयुमो के नए प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर की उम्र 28 साल है। सूत्रों के मुताबिक संगठन इस बार जिलाध्यक्ष पद के लिए 28 से 32 साल की उम्र सीमा के बीच के युवा और ऊर्जावान नेता को ही कमान सौंप सकता है।

### आसान नहीं घोषणा

फिलहाल जिले में भाजयुमो जिलाध्यक्ष की जल्द घोषणा होना मुश्किल है। दरअसल, जिले में अनुशासित पार्टी भाजपा में अंदरखाने इतनी खींचतान चल रही है कि जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा को बने 16 जनवरी 2026 को पूरा हो एक साल हो जाएगा, लेकिन वह अपनी कार्यकारिणी गठित नहीं कर सके हैं, वहीं दूसरी और सीहोर नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति को बने एक साल से ज्यादा समय हो गया है और वह भी अपनी कार्यकारिणी गठित नहीं कर सके हैं। ऐसे में इस खींचतान के बीच भाजयुमो जिलाध्यक्ष की घोषणा जल्दी होना संभव नजर नहीं आती है

## खबर संक्षेप

### बांसों के झुरमुट में लगी आग, बिजली लाइन प्रभावित हुई



**सीहोर।** देव नगर कॉलोनी के पास मंगलवार दोपहर बांसों के झुरमुट में आग लग गई। आग के कारण बांस टूटकर सड़क पर गिर गए, जिससे यातायात बाधित हो गया और 11 केवी बिजली लाइन भी प्रभावित हुई। जानकारी के अनुसार, आग लगने से बड़ी संख्या में बांस टूटकर सड़क पर आ गए। इन गिरे हुए बांसों ने विद्युत वितरण कंपनी की 11 केवी लाइन को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित होने की आशंका है। स्थानीय निवासियों ने तत्काल फायर ब्रिगेड और विद्युत वितरण कंपनी को घटना की सूचना दी। हालांकि, काफी देर तक कोई भी टीम मौके पर नहीं पहुंची। इसके चलते सड़क पर लंबा जाम लग गया और लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। आग अन्य बांस के पेड़ों में भी फैलती जा रही है।

### जिला जेल के 174 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया

**सीहोर।** जेल परिसर में जिला चिकित्सालय द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान जेल में बंदियों का समग्र स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं परामर्श प्रदान किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 174 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से बंदियों को समय पर जांच एवं उपचार उपलब्ध कराते हुए उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। स्वास्थ्य शिविर में जिला चिकित्सालय सीहोर से विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम उपस्थित रही। मेडिकल विशेषज्ञ द्वारा 20, अस्थि रोग विशेषज्ञ द्वारा 37, शल्य चिकित्सक द्वारा 19, मानसिक रोग विशेषज्ञ द्वारा 17, ई.एन.टी. रोग विशेषज्ञ द्वारा 15, नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा 10, दन्त रोग विशेषज्ञ द्वारा 18, क्षय रोग विशेषज्ञ द्वारा 26, स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा 10 तथा एच.आई.वी. से संबंधित 2 बंदियों सहित कुल 174 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. यू. के. श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय सीहोर की टीम उपस्थित रही।

## पहाड़नुमा बनाई जा रही सड़क, बारिश का पानी घरों में नहीं घुसे इसके लिए सड़क के साइड में बनाई जाएगी नाली

# फिर से अपना घर व दुकान तोड़ने के लिए तैयार रहें मछलीपुल से लुनिया चौराहा के रहवासी-दुकानदार !

### नपा के तकनीकी विभाग की लापरवाही का खामियाजा फिर भुगतेंगे मछलीपुल से लुनिया चौराहा के रहवासी, तोडना होगा घर-दुकान





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बहुप्रतीक्षित मछलीपुल से लुनिया चौराहा तक की सडक़ का निर्माण कार्य नगर पालिका के तकनीकी अमले की घोर लापरवाही के कारण अब क्षेत्रवासियों के लिए 'दोहरी मार' साबित होने वाला है। पहले चौड़ीकरण के लिए अतिक्रमण हटाकर घरों और दुकानों का हिस्सा तोड़ा गया और अब उसी सडक़ पर 'पहाड़' बन जाने के बाद बरसात के पानी से बचने के लिए नाली बनाने के नाम पर जिन लोगों के घर या दुकान अतिक्रमण की जद में आएंगे, उन्हें फिर से अपने घर-दुकान का हिस्सा तोडऩा पड़ेगा।

बता दें मछलीपुल से लुनिया चौराहा तक की सडक़ शहर के लिए अति महत्वपूर्ण है। सडक़ के निर्माण की मांग नागरिकों द्वारा लंबे समय से की जा रही है। नागरिकों की मांग पर नपा अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर की परिषद ने यह सौगात दी है। करीब ढाई करोड़ रुपये की लागत से बन रही इस 11 मीटर चौड़ी सडक़ का निर्माण कार्य जुलाई में शुरू हुआ था, लेकिन नगर पालिका के इंजीनियरों की कथित निष्क्रियता और गहरी नींद के चलते निर्माण एजेंसी ने सडक़ को तय मानकों से बहुत ज्यादा ऊंचा यानी (पहाडनुमा) बना दिया है।

### लोगों में गहरी नाराजगी


पहले ही नगर पालिका के इंजीनियरों की लापरवाही की वजह से निर्माण एजेंसी ने पहाड़ की तरह सडक़ बना दी है। अब जब बरसात का पानी घरों में घुसने का डर पैदा हुआ, तब नींद टूटी तो नाली निर्माण की याद आई। लोगों का कहना है कि क्या नगर पालिका के तकनीकी विभाग के पास कोई विजन नहीं है। हम एक बार की परेशानी से उबरे भी नहीं, अब फिर से नाली के लिए जगह मांगी जाएगी।

### रहवासी बोले, बगैर विजन के हो रहा काम



पहले सडक़ पर आए गड्ढे और उड़ती धूल की वजह से हम परेशान हुआ करते थे। नगर पालिका से मांग करते थे कि सडक़ का निर्माण हो, लेकिन अब यह निर्माण तो हमारी ही मुसीबत बन गया है। निकाय का तकनीकी अमला बिल्कुल भी गंभीर नहीं है, नतीजतन निर्माण एजेंसी ने अपनी मनमर्जी दिखाई और अब नतीजा पहाडनुमा सडक़ के रूप में सामने है।

**-गोविंद सिंह**, रहवासी



सडक़ निर्माण के लिए नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाने की बात कही थी, हमनें स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाया कि अच्छी सडक़ की सौगात मिलेगी। लेकिन यह सौगात हमारे लिए मुसीबत बन गई है। अब फिर से नाली निर्माण के लिए अतिक्रमण हटाने की बात सामने आ रही है।

**-प्रकाश सिंह**, रहवासी



नगर पालिका जिम्मेदार विभाग है, लेकिन लगता है कि नगर पालिका का तकनीकी विभाग बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। इंजीनियरों की अनदेखी के कारण सडक़ पहाड़ जैसी बन गई है। सडक़ की ऊंचाई अधिक होने से घर-दुकान इनके सामने छोटे पड़ गए हैं। अब बारिश का पानी घर और दुकानों में घुसेगा।

**-राजू चंदेल**, टेलर की दुकान



नगर पालिका के तकनीकी विभाग को पहले ही तय कर लेना था कि कितना अतिक्रमण हटाना है, ताकि हम एक बार ही हटा लेते, पहले सडक़ के लिए अतिक्रमण हटाया, अब नाली निर्माण के लिए हटाएंगे। पहली बार से नहीं उभरे हैं, अब नई परेशानी की बात सामने आ रही है। नहीं हटाएंगे तो बारिश के दिना में पानी घुसने की समस्या सामने आएगी।

-भूपेन्द्र राठौर, दुकानदार

### फिर टूटेगा मकान-दुकान का हिस्सा

लोगों की चिंता अब सडक़ की ऊंचाई से उपजी है। पहाडनुमा सडक़ के कारण आशंका है कि बारिश का पानी सीधे घरों, दुकानों और मंदिरों में घुसेगा। इस जलभराव की समस्या से निपटने के लिए अब नगर पालिका ने सडक़ के साइड में नाली निर्माण का रास्ता निकाला है और इसका टेंडर भी हो चुका है। नाली निर्माण के लिए लोगों को फिर से अपने दुकान और मकान का हिस्सा तोडऩा होगा। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि पहले ही सडक़ निर्माण के लिए घर-दुकान तोड़े थे, उस परेशानी से अब तक ठीक से उभर भी नहीं पाए कि अब नाली के लिए फिर से घर-दुकान तोडऩा होंगे।

## ढाबे के पास दो युवकों पर धारदार हथियार से हमला, मामूली विवाद के बाद मारपीट, दोनों गंभीर घायल



**सीहोर।** नगर में देर रात ढाबे के पास अज्ञात हमलावरों ने दो युवकों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। दोनों को गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया गया है। घटना सोमवार रात करीब साढ़े बारह बजे चौपाल सागर व्यास पेट्रोल पंप के पास स्थित ढाबे के बाहर मुगीसपुर क्षेत्र में हुई। हमले के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों की पहचान गंज थाना कोतवाली क्षेत्र निवासी विनोद पिता सोहनलाल खुराना (30) और गंज मोहल्ला निवासी पवन पिता दीवान सिंह दोहरी (24) के रूप में हुई है। दोनों को पहले जिला अस्पताल लाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए भोपाल के हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया।

### मामूली विवाद के बाद हमला

पुलिस के अनुसार दोनों युवक ढाबे पर खाना खा रहे थे, तभी किसी बात को लेकर कुछ लोगों से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर ढाबा संचालक ने उन्हें वहां से जाने को कहा। ढाबे से बाहर निकलते ही अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया।

### पुलिस जांच में जुटी

मंडी थाना प्रभारी सुनील मेहर ने बताया कि मामले में धारा 296, 118(1), 351(3), 3(5) और 109 के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। पुलिस जल्द आरोपियों को पकड़ने का दावा कर रही है।

## सीहोर जिला अधिवक्ता संघ के निर्वाचन संपन्न, अनिल पारे अध्यक्ष निर्वाचित



**सीहोर।** जिला अधिवक्ता संघ के निर्वाचन शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुए। निर्वाचन परिणामों के अनुसार अध्यक्ष पद पर अनिल पारे निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पद पर धर्मेन्द्र प्रजापति एवं पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर श्रवण वास्तवर ने विजय प्राप्त की।

निर्वाचन में सचिव पद पर तरुण सिसोदिया, कोषाध्यक्ष पद पर सुनील बगवैया तथा सह सचिव पद पर सतपाल सोलंकी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। अधिवक्ता आनंद उपाध्याय एवं सुशील कुमार जैन ने बताया कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने अपनी जीत का श्रेय संघ के सम्माननीय वरिष्ठ अधिवक्ताओं के मार्गदर्शन एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं के सहयोग को दिया।

उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल में वे सभी वरिष्ठ एवं सहयोगी अधिवक्ताओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उन्हें आगे भी वरिष्ठ अधिवक्ताओं का मार्गदर्शन एवं सहयोगी अधिवक्ताओं का सतत सहयोग मिलता रहेगा।

## मां गंगा केशर से गांवों में भूकंप जैसे झटके होते हैं महसूस, जनसुनवाई में लगाई गुहार

# विस्फोट से घरों की छतों पर गिर रहे हैं पत्थर उत्खनन से उठे धूल, मिट्टी व धुएं से हुईं नौ मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



उमरपुर में अवैध उत्खनन ग्रामीणों के लिए मुसीबत बना हुआ है। विस्फोटों से गांव के कच्चे घरों की छतों पत्थर गिर रहे है। पत्थर खदान में उत्खनन से उठे धूल मिटट्टी धुऐं से अब 9 लोगों की दमा एलर्जी टीबी जैसी बीमारियों के कारण मौत हो गई है। विस्फोटों से कई बार आस पास के गांव की धरती हिल जाती है। गांवों भुकंम जैसे झटके महसूस होते है। गांव में बीते एक साल से माँ गंगा केशर ने ग्रामीणों को जीना दुष्वार कर दिया है।

मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे ग्राम पंचायत सेंधोखेडी के उमरपुर के लोगों ने खनिज विभाग मुर्दाबाद गुंडगर्दी नहीं चलेगी जैसे नारे लगाकर आक्रोश प्रकट किया। ग्रामीणों ने बताया कि माँ गंगा केशर द्वारा खसरा नम्बर 103 कुल क्षेत्रफल 7.851 हैक्टयर भूमि पर बड़े पैमाने पर अवैध खनन किया जा रहा है।

उत्खनन के ब्लास्ट से आस पास के गाँव हिल जाते है कई बार ब्लास्ट से मकानों पर पत्थर गिर गए है। सरपंच और ग्रामवासियों ने एसडीएम और खनिज विभाग अधिकारी को भी आवेदन किया है लेकिन अवैध उत्खनन रोका नहीं जा रहा है। जनता की शिकायत को अनसुना किया जा रहा है। जबकी 9 दिसम्बर सुबह 11 से 12 बजे के बीच इतना तीव्र विस्फोट किया गया कि मकानों की छतों पर पत्थर गिरे गए और धुये, धुल मिटट्टी का गुबार फेला रहा है। अबतक क्षेत्र के 9 जवान लडकों की मृत्यु हो चुकी है। हालात ऐसे है कि विस्फोट से उत्पन्न धुल मिट्टी के कारण लोग खाना भी नहीं खा पा रहे है। पर्यावरण को भी काफी नुकसान पहुंचाया जा रहा है लेकिन माँ गंगा केशर पर पर्यावरण विभाग कोई कार्रवाही नही कर रहा है। ग्राम पंचायत के सरंपच कृपाल सिंह मेबाड़ ने भी कई बार ग्रामीणों को हो रही परेशानियों से प्रशासनिक अधिकारियों जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया है लेकिन कोई सुनने को तैयार नही है जबकी गांव के नो लोगों की मौत धूल जनित बीमारियों के कारण हो गई है। कलेक्ट्रेट पहुंची कुछ महिलाओ को कहना था की धूल पत्थर गिरने से लड़के लड़कियों के शादी विवाह भी नहीं हों पा रहे है। गांव में कोई लड़की देने को तैयार नही हे और कोई हमारे गांव की बीमार लड़की को बिहाने को भी तैयार नही है। ग्रामीणों को खनन माफियों के आंतक से डर लग रहा है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की सुक्ष्मता से जाँच करने और माँ गंगा केशर के द्वारा किया जा रहा उत्खनन बंद कराए जाने की मांग की है।

मांग करने वालों में दीपक, पुरन सिंह, राधेश्याम, राम सिंह, दीलीप सिंह, जगदीश बाबूलाल, मोहनलाल, मंजू बाई, रीना बाई,फूल कुवंर, बाबूलाल, कृष्णा बाई, ममता बाई, गीता बाई, धापू बाई, महेन्द्र सिंह, दीपक, संदीप, छोटेलाल, अनिल, देव सिंह, मनू बाई, सीता बाई, चेंतन संगीता बाई आदि ग्रामीणजन शामिल रहे।

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशितकिया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### शहर में किया जाएगा तीन दिवसीय नानी बाई को मायरा

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी शहर के छावनी स्थित कुईया श्री गार्डन में आगामी 23 दिसंबर से नानी बाई को मायरो का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर कुईया परिवार की ओर से युवा पत्रकार अमित कुईया सहित अन्य ने अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से भेंट कर शोभा यात्रा सहित धार्मिक उत्सव में आने का आमंत्रण दिया। इससे पहले आयोजन समिति के द्वारा धार्मिक स्थानों पर आमंत्रण का वितरण किया जा रहा है। आगामी 23 से शहर के छावनी में होने वाले तीन दिवसीय नानी बाई को मायरो को लेकर तैयारियां की जा रही है। पहले दिन दोपहर 12 बजे भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी और उसके पश्चात पंडित संजय कृष्ण त्रिवेदी के मार्गदर्शन में दिव्य आयोजन किया जाएगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम पांच बजे तक और संध्याकालीन भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से धार्मिक कार्यक्रम में आने की अपील की।

### सीएमएचओ ने की समन्वित गर्भपात सेवाओं की समीक्षा



**सीहोर।** जिला चिकित्सालय में सीएमएचओ डॉ. सुधीर डेहरिया द्वारा समन्वित गर्भपात सेवाओं (CAC) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा इन सेवाओं के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारियों एवं स्टाफ का उन्मुखीकरण भी किया गया। समीक्षा बैठक में सीएमएचओ ने संस्थावार गर्भपात आधारित सेवाओं की समीक्षा की। डॉ डेहरिया ने निर्देश दिए कि जिस भी स्वास्थ्य संस्था में गर्भपात की सेवाऐं दी जाती हैं वहां शासन के मानदंडों का पालन किया जाए, गर्भपात सेवाओं में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान अपनी संस्था में गर्भपात सेवाएँ देने के इच्छुक मेडिकल ऑफिसर्स को प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित करने के लिये लिस्ट भी तैयार की गई।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे।

## संभागायुक्त संजीव सिंह ने सीहोर जिले के एसआईआर कार्य की सराहना की

# एसआईआर कार्यों में समय-सीमा का कड़ाई से पालन करें: संभागायुक्त

### भोपाल संभागायुक्त ने सीहोर जिले के एसआईआर कार्य की समीक्षा की, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह ने सीहोर जिले में संपादित मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के कार्य की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने सीहोर जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की सराहना करते हुए सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सीहोर जिले के ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ, बीएलओ के सहयोगी कर्मचारियों और राजैनितिक दलों के बीएलए ने एसआईआर का कार्य व्यवस्थित और बेहतर ढंग से संपादित किया है।

संभागायुक्त श्री सिंह ने समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस प्रकार प्रथम चरण का कार्य पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं नियमानुसार संपन्न कराया गया है, उसी प्रकार द्वितीय चरण से संबंधित सभी कार्यों का भी प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए, ताकि किसी भी स्तर पर त्रुटि की कोई गुंजाइश न रहे। संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए प्रत्येक कार्य को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी संवाद करते हुए कहा कि वे अपने-अपने बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) को आयोग के नवीन दिशा-निर्देशों से भली-भांति अवगत कराएं। इसके लिए प्रशासन एवं राजनीतिक दलों के बीच सतत परस्पर संवाद एवं समन्वय बनाए रखा जाए, ताकि कार्यों में




पारदर्शिता और विश्वास बना रहे। संभागायुक्त श्री सिंह ने सभी ईआरओ तथा एईआरओ को निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर कार्यों के लिए निर्धारित समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा सभी कार्य समयावधि के भीतर पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न किए जाएं। उन्होंने कहा कि मैपिंग कार्यों के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र मतदाता वंचित न रहे।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि दस्तावेजी कार्यवाही, पंचनामा एवं रिकॉर्ड संधारण पूरी तरह दुरुस्त एवं अद्यतन रखे जाएं। फॉर्म-6 एवं फॉर्म-8 के माध्यम से नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, संशोधन एवं दावे-आपत्तियों के निराकरण की प्रक्रिया इस प्रकार संपन्न की जाए कि किसी भी स्तर पर त्रृटि न हो। संभागायुक्त संजीव सिंह ने अंत में अधिकारियों से अपेक्षा की कि निर्वाचन से जुड़े इस महत्वपूर्ण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करें, ताकि मतदाता सूची अद्यतन, त्रृटिरहित एवं विश्वसनीय बन सके। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरू के. ने जिले में संचालित एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप जिले में एसआईआर के प्रथम चरण के कार्य पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न कराए गए हैं। कलेक्टर बालागुरू के. ने अवगत कराया कि जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ, सुपरवाइजर एवं संबंधित अधिकारियों के माध्यम से घर-घर संपर्क, मतदाता सूची का सत्यापन, मैपिंग कार्य, दस्तावेज संधारण तथा फॉर्म-6 एवं फॉर्म-8 के माध्यम से नए मतदाता पंजीयन, संशोधन एवं दावे-आपत्तियों की कार्यवाही नियमानुसार की जा रही है। उन्होंने बताया कि सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे।

कलेक्टर बालागुरू के. ने बताया कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं बीएलए के साथ समन्वय एवं संवाद बनाए रखा गया है, जिससे कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे और किसी भी प्रकार की शिकायत की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि द्वितीय चरण के एसआईआर कार्य भी निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समय-सीमा के भीतर सफलतापूर्वक संपन्न किए जाएंगे।

भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े जिले की अन्य विधानसभाओं के ईआरओ, एईआरओ से संवाद किया और एसआईआर कार्य की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, एसडीएम तन्मय वर्मा, इछावर एसडीएम स्वाति मिश्रा, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि राजकुमार गुप्ता, एनपी सागर , केके रिछारिया, जलज छोकर, संतोष प्रजापति, चेतन कुमार उपस्थित थे। बुधनी एवं आष्टा विधानसभा के ईआरओ एवं एईआरओ वीसी से बैठक में शामिल हुए ।

### विभागीय रोजगार योजनाओं की कलेक्टर ने की समीक्षा, लापरवाही पर जताई कड़ी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में संचालित विभिन्न विभागों की रोजगारोन्मुखी योजनाओं की कलेक्टर बालागुरू के.द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में नगरीय विकास अभिकरण, उद्योग विभाग, मत्स्य विभाग, अंत व्यवसायी तथा स्व-सहायता समूहों से संबंधित योजनाओं की विभागवार प्रगति की जानकारी ली गई।

समीक्षा के दौरान जिन विभागों की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई, उन पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जमकर फटकार लगाई। कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार लाने तथा प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी रोजगार योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयसीमा में सुनिश्चित किया जाए।

विशेष रूप से स्व-सहायता समूहों एवं अंत व्यवसायियों को स्वरोजगार से जोड़ने, उद्योग विभाग की योजनाओं के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने तथा मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य पालन गतिविधियों को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। नगरीय विकास अभिकरण को शहरी क्षेत्रों में रोजगार के अधिक से अधिक अवसर सृजित करने, हितग्राहियों को आत्मनिर्भर बनाने तथा योजनाओं की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने कहा कि रोजगार योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले में आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी तथा लोगों को स्थायी आजीविका के अवसर प्राप्त होंगे। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे एवं योजनाओं की अद्यतन प्रगति से कलेक्टर श्री बालागुरू के. को अवगत कराया गया।

## जनसमस्याओं को लेकर बसपा ने सौंपा महामहीम राज्यपाल के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सोमवार को बुदनी विधानसभा की तहसील भैरूंदा के ग्राम गोपालपुर की जनसमस्या को लेकर बहुजन समाज पार्टी के द्वारा क्षेत्र की जनसमास्याओं को लेकर दुर्गा चौक गोपालपुर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एड. कमलेश दोहरे जोन प्रभारी बसपा सागर ने धरना प्रदर्शन में क्षेत्र से आये कार्यकर्ताओ को संबोधित किया। उन्होने कहा कि बुदनी विधानसभा में लगातार अन्याय अत्याचार जैसी कई समास्याओं को हमारे सामज के साथ अन्य लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जहाँ से लगातार पूर्व मुख्य मंत्री शिवराजसिंह चौहान विधायक रहे उनके ही क्षेत्र में युवा बेरोजग़ारी की मार झेल रहे हैं। तत्पश्चात महामहीम राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। कमलेश दोहरे ने ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि गोपालपुर में थाने में विगत राजनितिक दबाव के बिना अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं मुस्लिम एवं गरीब लोगो की रिर्पोट दर्ज नहीं की जाती है रिर्पोट लिखाने के लिए थाना के चक्कर लगाने पडते है इस पर तत्तकाल कार्यवाही की जावे।

ग्राम सेमलपानी कदीम में जमीन को लेकर विवाद में अनुसूचित जाति के लोगो के द्वारा गोपालपुर थाने में जाकर रिर्पोट दर्ज कराई अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है लेकिन सामने वाले पक्ष के द्वारा अनुसूचित जाति के




लोगों पर झूठी रिर्पोट कर उन पर राजीनामा करवाने का दबाब बनाया जा रहा है। जो अनुसूचित जाति के लोगो ने जो फसल बोई थी उसको सामने वाले लोगा ने 8 दिन बाद बखने का कार्य किया जिसकी शिकायत गोपालपुर थाने में करने गये तो वहा पर हमारी शिकायत नहीं लिखी ओर आ दिनाक तक कोई कार्यवाही नही की गई।

ग्राम सेमलपानी कदीम के लगे आउट सोर्स पर कर्मचारियों को डी के द्वारा हटाया गया एवं आउट सोर्स पर कार्य कर रहे लाईन मेंन इकबाल खान के द्वारा सेमलपानी कदीम में लोगो के उपर बिजली के बिल मनमाने ढंग से दिया जा रहा है जिससे गरीब परेशान है।

ग्राम गोपालपुर इटावा इटारसी में ढावों पर खुलेआम शराब एवं सट्टे का कारोबार चल रहा है। इस पर तत्काल रोक कर कार्यवाही की जावे। गोपालपुर में अनुसूचित जाति के लोगो की जमीन जो कि विगत 60-70 वर्षों से जमीन पर काबिज है प्रशासन के द्वारा उनकी जमीन से हटाया जा रहा है जबकि ग्राम गोपालपुर में और भी लगभग 10 से 20 लोगो के पास शासकीय भूमि कब्जे की है लेकिन प्रशासन गरीब अनुसूचित जाति के लोगो की जमीन बल पूर्वक छीन रहा है। गोपालपुर में आवासयोजना में भी बडी धाधली की जा रही है किसी को एक और दो किस्त मिली है आज तक तीसरी किस्त नहीं मिली है जिससे लोग परेशान है उन्हे आवास योजना का लाभ दिया जावे। छिपानेर से मंडीघाट तक माँ नर्मदा को रेत के अवैध उत्तखनन करने वाले लोगो के द्वारा रात में धाटो पर पंडूपि एवं जे.सी.बी मां नर्मदा को छलनी किया जा रहा है इस पर उचित कार्यवाही करे। ग्राम गोपालपुर में जो कृषक भंवन जो कृषि उपज मंडी में बना है उसका उपयोग ना तो किसानो के लिए किया जाता है बल्कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा लगातार उसमें मीटिंग कि जाती है जबकि कृषक भवन किसानों की सुविधा के लिए बना गया है।

### युवा समाजसेवी राजकुमार पटेल बने मीणा समाज सेवा संगठन के युवा जिला अध्यक्ष



**भैरुंदा।** मीणा समाज सेवा संगठन द्वारा युवा समाजसेवी राजकुमार पटेल को उनके निरंतर सामाजिक योगदान और समर्पण को देखते हुए युवा जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पटेल पिछले 15 वर्षों से लगातार सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय रहकर समाजसेवा के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके सेवा भाव, नेतृत्व क्षमता और समाज के प्रति निष्ठा को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किया।

इस अवसर पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने राजकुमार पटेल का पुष्पमालाओं एवं शुभकामनाओं के साथ अभिनंदन किया और उनके उज्वल कार्यकाल की कामना की। हरिसिंह वर्मा, अवध पटेल, रामसिंह पटेल, गोविंद पटेल, रामचंद्र डोवाल, गोविंद मीणा, अमित मीणा, रूप सिंह मीणा, चंदर मीणा, दीपक म्याला, पवन बालोत, भगवत मीणा, अर्जुन मीणा, संतोष पटेल सहित बड़ी संख्या में समाजजनो ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

### कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में 57 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. एवं जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 57 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई।

जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा साहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## अब नहीं झेलेगा ग्रामीण अंचल बिजली कटौती की पीड़ा



**सीहोर।** जिले के बरखेड़ी क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही बिजली कटौती की समस्या अब इतिहास बनने की ओर है। किसानों की आवाज़, समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के सतत प्रयास और विद्युत विभाग की सकारात्मक पहल से ग्रामीण अंचल को स्थायी राहत मिली है। बिलकिसगंज विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत बरखेड़ी सब-स्टेशन पर आपूर्ति सुधार के लिए दो डीसीबी विद्युत मंडल और फाइटर स्थापित कर पूरे क्षेत्र को दो भागों में विभाजित किया गया है, जिससे बार-बार होने वाली ट्रिपिंग और अघोषित कटौती पर प्रभावी नियंत्रण संभव हुआ है।

पूर्व में बरखेड़ी डीएलएफ से 25 गांवों को एक ही फीडर से विद्युत आपूर्ति होने के कारण ओवरलोडिंग की गंभीर समस्या थी। ग्रामीणों की मांग पर बिजली कंपनी की महाप्रबंधक श्रीमती पूनम तुमराम के निर्देशानुसार इस फीडर को दो हिस्सों में बांटा गया। अब बरखेड़ी डीएलएफ से बरखेड़ी, आलमपुरा और बिजलोन गांवों को, जबकि चंदेरी डीएलएफ से पिपलिया मीरा, चंदेरी, शेरपुर और तकीपुर गांवों को विद्युत आपूर्ति दी जा रही है। इस तकनीकी सुधार से ग्रामीण जीवन में स्थिरता आई है और खेत-खलिहान, घर-आंगन रोशनी से जगमगाने लगे हैं।

इस ऐतिहासिक सुधार के लिए किसानों ने समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में विद्युत विभाग के अधिकारियों का भव्य सम्मान किया। समारोह में महाप्रबंधक श्रीमती पूनम तुमराम, प्रबंधक शरद पाठक, सहायक प्रबंधक चंद्रशेखर एवं सहायक प्रबंधक सुश्री पूजा मुजालदा का पुष्पगुच्छ, साफा, फूल मालाओं से स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने परंपरागत लकड़ी का हल भेंट कर आभार जताया,जो किसान और बिजली व्यवस्था के मजबूत रिश्ते का प्रतीक बना। इस मौके पर किसान मोतीलाल मेवाड़ा, रमेश चंद्र वर्मा, गोपाल सिंह मेवाडा, शेर सिंह, प्रभु लाल, करण सिंह, भगवान सिंह, बहादुर सिंह, प्रहलाद सिंह, नारायण सिंह, ज्ञान सिंह, देवी प्रसाद, जसवंत सिंह, शंकर लाल, श्यामलाल, गोरेलाल, रतन सिंह, फूल सिंह, मांगीलाल, भगवत, नरेश मेवाडा, राजू मेवाड़ा सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे। इस अवसर पर एम.एस. मेवाड़ा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, ऊर्जा मंत्री, भोपाल स्थित विद्युत मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों एवं समस्त कर्मचारियों का हृदय से धन्यवाद किया। चंदेरी, भगवानपुरा, पिपलिया मीरा, बरखेड़ी, भोजनगर, तकीपुर, बिजलोन, आलमपुरा सहित दर्जनों गांवों के किसानों ने एक स्वर में कहा कि अब बिजली नहीं, उम्मीदें जगेंगी।

## सिंधी कॉलोनी मैदान पर जारी है श्रीमद भागवत कथा

# माता अनसूईया ने पतिव्रताधर्म से त्रिदेवों को भी शिशु बना दिया था: प्रज्ञा विष्णु प्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सिंधी कालोनी मैदान पर शिव शक्ति सांस्कृतिक मंडल के द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा श्रद्धालुओं को सुनाते हुए मंगलवार को सुश्री प्रज्ञा विष्णु प्रिया ने मातृशक्ति को अन्याय अत्याचार के विरूध खड़े होने का आहवान करते हुए कहा कि में भारत की नारियों का बल आज भी कम नहीं हुआ है नारी अबला नहीं,सबला है। माता अनसूइया ने लक्ष्मी,सरस्वती पार्वती तीनों देवियों के पति त्रिदेवों को अपनी पतिव्रता धर्मशक्ति से शिशु बना दिया था। तीनों देवियों ने हाथ जोड़ कर के माता अनसूईया से कहा मैया हमारे पतियों को लौटा दो तब माता ने भगवान की परीक्षा में सफल होकर देवों को पूनः त्रिदेव रूप में प्रकट कर दिया था।

**अहंकार व्यक्ति को कर देता है समाप्त** :उन्होने अहंकार से बचने और प्रभूनाम जपने के लिए श्रोताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रजापति दक्षक को भी अहंकार हो गया था देखा गया है की जोभी ऊचे पद पर होता है अहंकार का शिकार होकर अन्याय अत्याचार करने लगता है। माता सती के पिता प्रजापति ऊंचे पद पर है ऊंचे पद पर होने से वह भगवान शंकर से घ्रणा करते है लेकिन साक्षात माता शक्ति की अवतार माता सती शंकर बाबा को पति के रूप में स्वीकार करती है। पिता प्रेम में पति के मना करने पर भी प्रजापति दक्षक की पुत्री माता सती महायज्ञ में पहुंच जाती है और पति का अपमान सुनकर स्वयं ही स्वाह हो जाती है। भगवान शंकर ने अपने अंश से महायज्ञ को नष्टकर अहंकारी राजा प्रजापति दक्षक को भी मृत्यु लोक भेज दिया था अहंकार व्यक्ति को समाप्त कर देता है।

सुश्री प्रज्ञा विष्णु प्रिया ने कहा कि अगर ठाकुरजी ने आपको कुछ विशेष दिया है तो उसका अहंकार नहीं होना चाहिए। दक्ष ने बाबा भोलेनाथ को भगवान नहीं माना, देवता नहीं माना और जो लोग बाबा भोलेनाथ की पूजा करते थे दक्ष प्रजापति उन्हे जेल में डाल देता था। प्रजापति दक्ष जहां किसी को भी बाबा भोलेनाथ की पूजा करते देखता था तो उनको रोकता था लेकिन सेवा करने वाले भी कम नहीं होते है बाबा भोलेनाथ की पूजा करके ही मानते है। विभिन्न कथा प्रसंगों के मध्यम से सुश्री ने श्रद्धालुओं को भगवान की भक्ति करने के लिए प्रेरित किया।

कथा में पंडाल में मधुर भजनों पर श्रद्धालुजन नाचते भजन गाते हुए दिखाई दिए विधायक सुदेश राय सहित अन्य विशिष्ठजनों ने कार्यक्रम में पहुंच कर श्रीमदभागवत का श्रवण किया। आयोजक मंडल के मनोज शर्मा, प्रीति सोनी, ममता शर्मा, शंकरलाल शर्मा, संतोष वर्मा, विशाल बैरागी आदि ने विधायक राय का स्वागत किया। शिव शक्ति सांस्कृतिक मंडल की ममता शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन कथा में महिलाओं के द्वारा विशेष परिधान पहने जा रहे है। विशेष प्रसाद का वितरण भी किया जा रहा है। श्रीमदभागवत कथा प्रतिदिन दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक हो रही है।

## कृषकों की संगोष्टि का हुआ आयोजन




**सीहोर।** सोमवार को कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा चयनित यंत्रदूत ग्राम खामलिया में कृषकों की संगोष्टि का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से ग्राम के सरपंच एवं कृषक उपस्थित रहें। विभागीय योजनाओं की जानकारी कृषकों को सहायक कृषि यंत्री सीहोर द्वारा दी गई। संगोष्टि स्थल पर विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाकर कृषकों को जानकारी दी गई, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा संचालित योजनओं की जानकारी कमल सिंह ठाकुर वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी सीहोर द्वारा एवं ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी द्वारा भी दी गई। ग्राम के सरपंच कुलदीप सिंह द्वारा किये जा रहे कार्य की प्रसंशा की गई। कार्यक्रम में विभागीय योजनाओं की जानकारी योगराज सावरकर सहायक कृषि यंत्री एवं अनिल कुमार गौंड उपयंत्री सीहोर द्वारा दी गई एवं कृषकों का आभार व्यक्त किया।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री प्रवीण कुमार जैन आ. स्व. श्री शील किशौर जैन आयु 56 वर्ष निवासी खजाचीं लाईन सीहोर तहसील व जिला सीहोर म.प्र. द्वारा श्री धन्नालाल परचोले आ. श्री मानसिंह परचोले आयु 66 वर्ष निवासी एच.नं. 205, राजेश काशिव वकील के पीछे भोपाल नाका, सीहोर म.प्र. से उनके स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य का एक किता प्लॉट स्थित भूखंड खसरा नं.327/2/2 (नया) 327/2, 508/327 (पुराना) एंव 327/4-508/327 का भाग रकबा 2614 वर्गफीट पटवारी हल्का नं.34 स्थित ग्राम थूनाखुर्द सीहोर तहसील व जिला सीहोर म.प्र. में से रकबा 0.024 हे. क्षेत्रफल 2614 वर्गफीट यानी 242-93 वर्गमीटर जिसकी चतुर्थ सीमाये पूर्व की और विक्रेता की शेष भूमि पश्चिम की ओर रास्ता निस्तारी 20 फीट चौडा उत्तर की ओर विक्रेता की शेष भूमि दक्षिण की ओर रास्ता निस्तारी 25 फीट चौड़ा उपरोक्त प्लॉट मेरे पक्षकार द्वारा क्रय किया जा रहा है यदि उपरोक्त प्लॉट से संबधित किसी व्यक्ति, संस्था, सरकारी गैर सरकारी, बैंक, का कोई ऋण भार प्रभार किसी प्रकार का कोई लेनदेन का दायित्व हो तो वह 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज के सम्पर्क करें। अन्यथा अवधि उपरांत किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। और मेरे पक्षकार अपने पक्ष में विक्रय पत्र निष्पादित कराने हेतु स्वंतत्र होगा।

कृपया सूचित हो।

भवदीय, **विजय कुमार सक्सेना,**
अधिवक्ता जिला सीहोर
मो. 9752832785

### घटना खानपुरा गांव के पास निर्माणाधीन फ्लाईओवर के पास की

# तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, 2 महिलाओं की मौत, 3 गंभीर रेफर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को खाटू श्याम मंदिर के दर्शन के लिए पदयात्रा कर रही महिला श्रद्धालुओं के एक जत्थे को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गईं। यह घटना ब्यावरा से लगभग 7 किलोमीटर दूर खानपुरा गांव के पास निर्माणाधीन फ्लाईओवर के पास हुई। चाचैड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम खेरबे निवासी ये महिलाएं एकादशी के अवसर पर ब्यावरा स्थित खाटू श्याम मंदिर जा रही थीं। गुना की ओर से आ रही एक सियाज कार (क्रमांक एमपी 19 सीबी 7825) ने इन पदयात्री श्रद्धालुओं को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी की एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई दूसरी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया वहीं 3 अन्य महिलाएं रेफर की गई है। वहीं सिटी पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया है और मामला दर्ज का दुर्घटना के कारणों की जांच हो रही है।

#### भविष्य में सुरक्षा तय करने उठाने होंगे कदम

घटना के बाद पुलिस विभाग के एसडीएम गोविंद दुबे, एसडीओपी प्रकाश शर्मा तहसीलदार सुभाष अलावे और थाना प्रभारी वीरेद्र सिंह धाकड़ ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और भविष्य में इस तरह की घटना की पुनर्रावृत्ति न हो इसको लेकर सुरक्षा कदम उठाए जाएंगे।

#### तीन महिलाएं भोपाल रेफर

हादसे में सीमाबाई गुर्जर पति जसबंत गुर्जर 28 साल निवासी खेरवे चक की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल चिंताबाई पति जगदीश उम्र 40 निवासी खेरवे चक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शीतल बाई उम्र 18, सीमा बाई पिता विष्णु उम्र 30 और रामकंवर बाई पिता जगदीश घायल हुईं हैं। सभी घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल ब्यावरा ले जाया गया, जहां कार जब्त, चालक पर केस दर्ज कर लिया गया है सूचना मिलते ही सिटी



पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। मृतक महिलाओं के शवों का सिविल अस्पताल ब्यावरा में पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया है। एसडीओपी प्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही।

### नगर स्थित छोटे श्रीनाथजी मंदिर में चल रहे कार्य का मामला

# राशि के अभाव में 4 महीने से बंद है मंदिर जीर्णोद्धार कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

इसे विडंबना ही कहा जाएगा जो सैकड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े छोटे श्रीनाथजी मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य राशि के अभाव में बीते करीब 4 महीनों से बंद पड़ा हुआ है। दरअसल, धर्मस्व विभाग ने लोक निर्माण विभाग को कुल राशि में से 60 फीसदी का भुगतान तो कर दिया है लेकिन बाकी की राशि अभी तक न आने के चलते ठेकेदार ने काम रोक रखा है।



#### क्या है पूरा मामला

स्थानीय राजमहल गेट के समीप स्थित छोटे श्रीनाथजी की हवेली काफी प्राचीन होकर जीर्ण-शीर्ण हो चुकी थी। ऐसे में पूर्व राज्यमंत्री रघुनंदन शर्मा के प्रयासों से धर्मस्व विभाग ने मंदिर जीर्णोद्धार के लिए करीब 66 लाख रुपए स्वीकृत करवाए थे। जीर्णोद्धार कार्य हेतु पीडल्यूडी ने एजेंसी फिक्स करते हुए कार्य करवाना शुरू करवा दिया लेकिन करीब 4 महीनों से यह काम बंद पड़ा हुआ है। बताया जा रहा है कि धर्मस्व विभाग ने कुल स्वीकृत राशि में से 60 फीसदी का भुगतान तो पीडल्यूडी को कर दिया है लेकिन शेष राशि अभी तक नहीं भिजवाई गई है। ऐसे में संबंधित ठेकेदार ने निर्माण कार्य रोक रखा है। मंदिर से जुड़े सैकड़ों श्रद्धालुओं सहित आमजनों द्वारा मांग की जा रही है कि राशि के अभाव में कमसकम मंदिरों से जुड़े कार्य तो नहीं रुकने चाहिए।

#### इनका कहना है...

धर्मस्व विभाग ने 60 फीसदी राशि का भुगतान तो कर दिया है लेकिन शेष राशि उनके द्वारा अभी तक नहीं भिजवाई गई है।

**दीपक कुमार**, कार्यपालन यंत्री, पीडल्यूडी, राजगढ़

#### इनका कहना है...

गलती धर्मस्व विभाग की नहीं है। पीडल्यूडी ने शेष राशि का प्रस्ताव सीधा संचालनालय भिजवा दिया था जबकि निर्धारित प्रक्रिया अनुसार हमें भिजवाना था। अब प्रस्ताव मिल चुका है। एक-दो दिन में राशि रिलीज कर देंगे।

**श्री मालवीय**, धर्मस्व विभाग, उज्जैन

### मंडी प्रांगण में प्रेसवार्ता कर दी गई जानकारी

# सराफा व्यापारी के यहां हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा



हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़

नगर के शिवजी चौक स्थित सराफा व्यापारी कमलेश डावर की दुकान में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। 9 और 10 दिसंबर की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने दुकान के ताले तोड़कर चांदी के जेवरात चोरी कर लिए थे। घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।एसडीओपी मिनी शुक्ला के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में राहुल पाल पिता मांगीलाल (उम्र 18 वर्ष), निवासी भुराखेड़ी थाना चाचैड़ा जिला गुना तथा अंशुल मीणा पिता प्रीतम मीणा (उम्र 19 वर्ष), निवासी ग्राम खरेटिया थाना मलावर शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 3.4 किलोग्राम चांदी, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 6 लाख रुपये है, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई जा रही है, तथा ताला तोड़ने का एक सब्बल जब्त किया है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं।

#### मंडी में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नहीं पहुंच सके एसपी

चोरी के मामले के खुलासे को लेकर मंडी प्रांगण में प्रेस वार्ता आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में एसपी के पहुंचने की सूचना दी गई थी, लेकिन उनके अनुपस्थित रहने पर एसडीओपी मिनी शुक्ला ने ही पूरे मामले का खुलासा किया। प्रेस वार्ता में क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने चोरी की घटना का शीघ्र खुलासा करने पर पुलिस टीम की सराहना करते हुए पुलिसकर्मियों को बधाई दी।

## प्रदेश की लाड़ली बेटियां, भविष्य की सशक्त पहचान : मंत्री टेटवाल



**सारंगपुर**। सोमवार को राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, छात्रावास एवं कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री टेटवाल ने विद्यालय परिसर में छात्राओं से आत्मीय संवाद किया और उनकी सृजनात्मक कलाकृतियों का अवलोकन कर प्रतिभा की चमक को नजदीक से देखा। इस अवसर पर मंत्री टेटवाल ने कहा कि प्रदेश की ये लाड़ली बेटियाँ शिक्षा, कला और संस्कारों के साथ आगे बढ़कर हर क्षेत्र में अपनी सशक्त पहचान बनाएंगी और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। उन्होंने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री टेटवाल ने छात्रावास में हुए नवीन निर्माण कार्यों का जायजा लिया तथा उनके सुचारू, सुरक्षित एवं व्यवस्थित संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और सुरक्षित आवासीय सुविधाएँ उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

### कार्य की प्रगति, पारदर्शिता एवं समन्वय पर हुई विस्तृत चर्चा

# संभागायुक्त संजीव सिंह ने की एसआईआर कार्य की समीक्षा



**राजगढ़**। भोपाल संभाग कमिश्नर संजीव सिंह की अध्यक्षता में सोमवार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे जिन्होंने जिले में हुए एसआईआर कार्यों की सराहना की। साथ ही फील्ड स्तर पर बीएलओ द्वारा दिन-रात किए जा रहे कार्यों के लिए सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सहयोग का आश्वासन दिया।

कमिश्नर ने निर्देश दिए कि जो मतदाता पलायन कर चुके हैं, उनका पता लगाकर फॉर्म-6 एवं फॉर्म-8 भरवाए जाएं। नो-मैपिंग क्षेत्रों में नोटिस जारी कर सभी ईआरओ द्वारा सुनवाई सुनिश्चित की जाएएवं जहां भी विसंगतियां नजर आएं उनका तत्काल निराकरण करें। उन्होंने कहा कि आगामी दो दिन एसआईआर कार्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस दौरान रिकार्ड की पुख्ता जांच सुनिश्चित की जाए। एईआरओ को निर्देशित किया गया कि वे एसआईआर कार्यों की व्यक्तिगत मॉनिटरिंग करें तथा 15 से 20 बूथों पर पहुंचकर क्रॉसचेक करें। स्थायी पलायन एवं नो-मैपिंग क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी पात्र मतदाताओं की एसआईआर में मैपिंग हो। बैठक में कमिश्नर ने जनप्रतिनिधियों से आवश्यक जानकारी ली एवं एसआईआर प्रक्रिया को निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए।

#### सभी एसडीएम व ईआरओ को दिए निर्देश

कमिश्नर ने सभी ईआरओ एवं एसडीएम को उचित दस्तावेजीकरण, पुनः जांच तथा शुद्ध एवं पुख्ता डेटा एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भाजपा से ज्ञान सिंह गुर्जर, अमित शर्मा, कांग्रेस से राशिद जमील, बसपा से रघुवीर सिंह उपस्थित रहे।

# शिवमहापुराण कथा की शुरुआत में शोभायात्रा निकाली



**जीरापुर**। नगर के किशनगढ़ मोहल्ला गाड़ी अड्डा में शिव महापुराण कथा का साथ दिवसीय आयोजन शुरू हुआ। प्रातः नगर के श्री राम मंदिर कुशवाहा मोहल्ला से शिव महापुराण शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के बुधवारिया बाजार होते हुए कथा स्थल पहुंची। महिलाएं कलश धारण कर भारतीय वेशभूषा में शोभायात्रा को सुशोभित कर रही थी।राधे रानी सरकार समिति द्वारा आयोजित शिवमहापुराण कथा प्रतिदिन दोपहर 12 से 4 बजे तक पंडित ललित नागर सेंधवा वाले के मुखारविंद से श्रवण कराई जाएगी जिसमें प्रथम दिवस कथा वाचक पं. नागर ने बताया कि मेरे जीवन कि यह 227 नम्बर की कथा है जो आपको सुनाईं जा रही है। नगर के भक्त गण बहुत सोभाग्य शाली है क्योंकि हमारी कथा जगन्नाथ पुरी में थी वहां के बाद यह कथा जीरापुर नगर में हो रही है। उन्होंने कहा कि शिव है तो सब कुछ है शिव भक्ति बहुत सरल है, भोलेनाथ ने कभी यह नहीं कहा कि मेरी आराधना चोखट पर लम्बे समय तक करें वह तो नाममात्र एक लोटा जल से प्रसन्न हो जाते हैं।

# मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद शुजालपुर की सेक्टर बैठक संपन्न

**शुजालपुर**। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की बैठक जनपद पंचायत शुजालपुर के सभागृह संपन्न हुई। जिसमें जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नगर, ब्लॉक समन्वयक सीमा बेडवाल, नगर विकास प्रस्फुटन समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे। जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नगर द्वारा आगामी वर्ष भर की कार्य योजना के बारे में जानकारी दी गई एवं वर्षभर में जो जयंती कार्यक्रम की जानकारी दी गई। हमें समय-समय पर शासन के मार्गदर्शन में अन्य विषयों पर कार्य करना है जो शासन की योजनाएं संचालित होती है उन योजनाओं का लाभ लोगों के को कैसे पहुंचना है इसके बारे में जानकारी प्रदान की। संस्था की बैठक सूचना से लेकर गतिविधि तक के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक सीमा बैंडवाल ने समिति को एक्टिव समिति के रूप में रखने के लिए हमें साप्ताहिक



बैठक और बैठक में लिए हुए निर्णय पर ग्राम चौपाल के माध्यम से समस्याओं का समाधान करना है। हमें शिक्षा स्वास्थ्य स्वच्छता नशा मुक्ति जल संरक्षण अन्य विषयों पर कार्य करना है। बैठक में उपस्थित हुकुम सिंह मेवाड़ शिवानी परमार, अशोक पांचाल, जितेंद्र पुष्पद, अनिल डांगी देवेंद्र पुरी, मोहन विश्वकर्मा, हरिओम जोहार, दिनेश मेवाड़ ज्योति कुशवाह, अजय गुर्जर, आनंद सिंह मेवाड़ा, गोविंद पाटीदार, उमेश प्रजापति, कृष्णपाल राजपूत, बंटी जाटव माखन सिंह राजपूत एवं संध्या कमल सिंह सूर्यवंशी शैक्षणिक संस्था के अध्यक्ष कमल सिंह सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

# नवोदय विद्यालय रातीबढ़ से 2 छात्र लापता, जिनमें 1 राजगढ़ से

### चार दिन से लगातार खोजबीन के बाद भी नहीं लगा पता



**राजगढ़**। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय रातीबढ़ जिला भोपाल की कक्षा नवमीं में अध्ययनरत दो छात्र गत 13 दिसंबर से स्कूल से लापता हैं। इन छात्रों में राजगढ़ जिले का एक विद्यार्थी भी शामिल है। स्कूल प्रबंधन, पुलिस एवं बच्चों के परिजनों द्वारा काफी खोजबीन किए जाने के बाद भी दोनों छात्रों का अब तक कोई पता नहीं लग पा रहा है। जानकारी के अनुसार भोपाल जिले के रातीबढ़ स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा नवमीं में पढ़ने वाले दो छात्र धीरज पिता करनसिंह गुर्जर निवासी जाटियाखेड़ी, तहसील ब्यावरा एवं अंकित पिता सर्जन सिंह गुर्जर निवासी कढ़ैया कोटा, बैरसिया गत 12 दिसंबर की रात्रि तक स्कूल में देखे गए थे। लेकिन, इसके उपरान्त 13 दिसंबर से अचानक दोनों विद्यालय परिसर से लापता हो गए। स्कूल प्रबंधन ने इस बारे में रातीबढ़ थाना सहित दोनों छात्रों के अभिभावकों को तत्काल सूचना भिजवाई। रातीबढ़ पुलिस के साथ दोनों बच्चों के परिजन भी अपने स्तर से उन्हें खोजने के प्रयास में लगे हुए हैं। राजगढ़ के छात्र धीरज के पिता करनसिंह ने बताया कि उन्होंने अपने रिश्तेदारों सहित हर संभव स्थानों पर अपने बच्चे को तलाश कर लिया है लेकिन अभी तक उसका कोई पता नहीं लग पाया है।

# स्टेट कराते चैंपियशनशिप में खेल प्रतिभाओं ने जीते कई पदक

### इंदौर के डेली कॉलेज में संपन्न हुई दो दिवसीय स्पर्धा



**राजगढ़**। गत 12 एवं 13 दिसंबर को इंदौर के डेली कॉलेज में मध्य-प्रदेश स्टेट कराते चैंपियनशिप 2025-26 का आयोजन किया गया। इस चैंपियनशिप में जिले की कईं होनहार खेल प्रतिभाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कईं मेडल हासिल किए। क्रीडा भारत राजगढ़ जिला मंत्री एवं कराते डेवलपमेंट एसोसिएशन के सचिव अक्षय शर्मा ने बताया कि इस चैंपियनशिप में अवयुत पिता जीतेंद्र सेन ने अंडर-7 इयर कैटेगरी में कांस्य पदक, बसंत पिता हेमराज विश्वकर्मा ने 18 प्लस कैटेगरी में सिल्वर पदक, अवनी पिता योगेश शर्मा ने अंडर-13 में कांस्य पदक, आराध्य पिता रोहित मौर्य ने अंडर-12 कैटेगरी में कांस्य पदक, प्रतिष्ठा पिता लखन लोधी ने अंडर-21 कैटेगरी में कांस्य प्रदक प्राप्त किया है। कराते में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक हासिल करने वाली ये सभी खेल प्रतिभाएं आगामी 2 से 6 जनवरी 2026 में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता हेतु के सेलेक्शन सम्मिलित होंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर क्रीडा भारती एवं कराते संघ के पदाधिकारी सचिन शर्मा, कंचन सोनी, सुनील बाफना, इंदरनारायण श्रीवास, रणजीत अटकवार, नरेंद्र खिंची, घनश्याम कुशवाह सहित अन्य ने शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## लोधा समाज प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**सारंगपुर**। लोधा समाज द्वारा आयोजित क्षेत्रीय प्रतिभा सम्मान समारोह में सहभागिता के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष पंकज लोधा का जयनगर में पटेल कृषि फार्म आगर रोड स्थित फार्म हाउस पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। स्वागत कार्यक्रम में विशेष रूप से पटेल,ओंकार सिंह,पार्षद भानु सिंह, विनोद लववंशी (मंडल उपाध्यक्ष), सरपंच इंदर सिंह, बाबूजी, प्रभु लाल, पीरू लाल दल्ला लाइनमेन समंदर मंत्री शांतिलाल लववंशी, ग्यारसी राम कुलारिया साहब, लाड सिंह देवी सिंह पटेल साहब राधानगर, शांतिलाल यशवंत केसर सिंह पवन सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज की एकता, प्रतिभाओं के सम्मान और सामाजिक उत्थान पर चर्चा की गई। उपस्थित समाजबंधुओं ने प्रदेश अध्यक्ष पंकज लोधा के मार्गदर्शन को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

### जांच में मिला गंदगी का अंबार, सिर्फ सैंपल की खानापूर्ति कर लौटे अधिकारी

# टोस्ट फैक्ट्री सपना इंटरप्राइजेज का लायसेंस रद्द, एफएसएसआई का छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

एसएस इंटरप्राइजेज भोपाल के पवन रोस्टेड ब्रेड ब्रांड पर भरोसा करना बंद कर दें, जिसे आप हर सुबह नाश्ते में खाते हैं। ब्यावरा शहर के सबसे चर्चित मार्ग शासकीय हॉस्पिटल रोड एसडीएम ऑफिस के सामने और मल्टीफेसिलिटी हेल्थ सेंटर के नीचे बेसमेंट पर प्रतिष्ठित और लोकप्रिय ब्रेड का दावा करने वाली एक फैक्ट्री में खाद्य सुरक्षा विभाग अधिकारी शिवराज पावक ने रविवार को सैंपलिंग की कार्यवाही की गई है। जनहित से जुड़ी यह खबर आपको अंदर तक हिला देगी, क्योंकि जिस माहौल में ब्रेड बन रही थी, वह किसी डरावनी फिल्म के सेट से कम नहीं था।

#### फैक्ट्री नहीं, गंदगी का गोदाम

खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक ने जब रविवार को फैक्ट्री पर औचक धावा बोला, तो वहां का मंजर विचलित



कर देने वाला था। हर तरफ पसरी गंदगी, बदबू और घोर अनियमितताएं देखकर अधिकारी भी दंग रह गए। चूहों और कॉकरोच का बसेरा उत्पादन क्षेत्र में, जहां ब्रेड पैक हो रही थी, वहां चूहों की मौजूदगी के पुख्ता सबूत मिले हैं। साथ ही, कॉकरोच और अन्य कीड़े-मकोड़े खाद्य सामग्री के बीच रेंगते पाए गए। सड़ी-गली सामग्री का अंबार बड़ी मात्रा में इस्तेमाल हो चुका और काला पड़ चुका तेल (जिसे बार-बार इस्तेमाल किया जा रहा था), फफूंदी लगी मैदा, और एक्सपायर्ड प्रिजर्वेटिव्स का जखीरा बरामद हुआ।

#### टोस्ट बनाने वाली जगह पर फैली थी गंदगी

उत्पादन क्षेत्र में गंदगी ब्रेड बनाने वाले मुख्य हॉल में फर्श पर पानी और तेल फैला हुआ था। मशीनों की सफाई महीनों से नहीं हुई थी। अधूरी कार्रवाई इतनी गंदगी के बावजूद, अधिकारियों ने सिर्फ कुछ तैयार ब्रेड और कच्चे माल के नमूने लिए। नियमानुसार, यदि प्रथम दृष्टया खाद्य सामग्री असुरक्षित पाई जाती है, तो तत्काल प्रभाव से उत्पादन बंद कर फैक्ट्री को सील किया जाना चाहिए था। सुरक्षा का बुरा हाल है, जहां लिए गए कई सैंपल अक्सर फेल हो जाते हैं, फिर भी प्रभावी कार्रवाई नदारद रहती है। विभाग ने अपनी जिम्मेदारी सिर्फ सैंपल लेने तक सीमित कर दी है, जिससे मिलावटखोरों और लापरवाह उत्पादकों के हौसले बुलंद हैं।

#### इनका कहना है...

हमारी फैक्ट्री में गंदगी मिलने के कारण लायसेंस रद्द हो गया है अधिकारी बोल रहे हैं कि जल्दी हो जाएगा इसका समाधान

**पवन पालीवाल**, एसएस इंटरप्राइजेज ब्यावरा

## खबर संक्षेप

### सेवादल कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने दिए निर्देश

**सीहोर।** सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक ने सेवादल कांग्रेस के मुख्य संगठक तथा प्रदेश अध्यक्ष अविनाश भार्गव से भेंट कर जिले में संचालित सेवादल कांग्रेस की गतिविधियों से अवगत कराया तथा आगामी सेवादल कांग्रेस की कार्य योजनाओं की गतिविधियों की भी जानकारी दी। इस अवर पर अविनश भार्गव द्वारा कांग्रेस सेवादल के स्थापना दिवस तथा कांग्रेस सेवादल के संस्थापक नारायण सुब्बाराव हाडिकर की जयंती कार्यक्रम को धूमधाम से मनाने के निर्देश दिये तथा माह जनवरी 2026 में सेवादल कांग्रेस के एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम को भव्य रूप से आयोजित करने के भी निर्देश के साथ-साथ जिले में निष्क्रिय सेवादल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को हटाकर जमीन से जुड़े निष्ठावन सेवादल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को नियुक्त करने के सम्बंध में भी चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सेवादल कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री विजय जोहरी, सेवादल कांग्रेस के कार्यालय प्रभारी सुभाष देशमुख, सोनु मीणा, जीतू ठाकुर, रिंकु मीणा, निरंजनदास बैरागी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### राजस्व व भूमि संबंधी कार्यों में तेजी लाने निर्देश

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने टीएल बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन ग्रामों से राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाई जाए। इसके साथ ही वनाधिकार पट्टों तथा सामुदायिक दावों से संबंधित लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने जिले में संचालित रेल परियोजनाओं एवं नेशनल हाइवे के लिए अधिग्रहित भूमि के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिग्रहित भूमि का संबंधित विभागों को शीघ्र हस्तांतरण किया जाए। किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो।

### आष्टा के अपोलो अस्पताल में गलत दस्तावेजों के सहारे आयुष्मान योजना का अनुबंध

# डॉक्टर से लेकर स्टाफ तक फर्जी: सीएम और स्वास्थ्य विभाग से एनएसयूआई ने की शिकायत

फर्जी स्टाफ दिखाकर प्राप्त की अस्पताल की मान्यता। एनएसयूआई नेता ने उच्च स्तरीय जांच कर एफआईआर कर अस्पताल की मान्यता निरस्त करने की मांग उठाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहर में बिना मापदंड के फर्जी तरीके से निजी अस्पतालों के खुलने की बहार लगी हुई है। लगातार अस्पतालों के कारनामे धीरे-धीरे सामने आने लगे हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जिसमें एनएसयूआई के नेता प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने आष्टा शहर में स्थित आष्टा अपोलो अस्पताल द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए फर्जीवाड़े, धोखाधड़ी और नियमों के खुले उल्लंघन के खिलाफ मुख्यमंत्री, आयुष्मान भारत निरामयम, स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन सीहोर तथा पुलिस विभाग को लिखित शिकायत सौंपी है। शिकायत में कहा गया है कि आष्टा अपोलो अस्पताल ने फर्जी तरीके से स्टाफ दिखाकर, गलत दस्तावेज़ प्रस्तुत कर अस्पताल की मान्यता तथा आयुष्मान योजना का अनुबंध प्राप्त किया है। जबकि वास्तविकता में सूची में दर्ज डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और पैरामेडिकल कर्मचारी-भोपाल और सीहोर के अन्य अस्पतालों में कार्यरत हैं।




**इनका कहना है**

शिकायत में जो आरोप लगाए गए है वह निराधार और बेबुनियाद है। हमने अस्पताल की मान्यता के लिए जरूरी सभी नियमों का पालन किया है और हमारा उद्देश्य आष्टा में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने का है।

**चेतन मेवाड़ा,** अस्पताल संचालक अपोलो हॉस्पिटल आष्टा

#### फर्जी स्टाफ की सूची का खुलासा, आंखे मूंदे बैठा स्वास्थ्य विभाग

एनएसयूआई द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज़ों में यह गंभीर तथ्य सामने आया है कि शहर के अपोलो अस्पताल ने जिन व्यक्तियों को अपने स्टाफ के रूप में दिखाया है, वे अन्य निजी संस्थानों में अपनी वास्तविक रूप से सेवाएं दे रहे हैं। एनएसयूआई नेता रवि परमार के अनुसार अपोलो हॉस्पिटल की सूची में मौजूद स्टाफ पहले से ही मल्टीकेयर अस्पताल भोपाल, गीतांजलि अस्पताल आष्टा, निरवाना अस्पताल भोपाल, स्मार्ट सिटी अस्पताल भोपाल, संत सिटी अस्पताल भोपाल में सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में यह प्रकरण सीधे तौर पर फर्जीवाड़े, दस्तावेज़ों में हेराफेरी, मान्यता प्रक्रिया में धोखाधड़ी, नियमों का उल्लंघन, तथा स्वास्थ्य विभाग से अनुचित लाभ लेने जैसा गंभीर आपराधिक कार्य है। जिससे इस निजी अस्पताल को मान्यता देने वाले स्वास्थ विभाग की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है।

#### हॉस्पिटल को मिली आयुष्मान स्वीकृति पर भी खड़े किए सवाल

रवि परमार ने शिकायत में यह भी बताया कि आयुष्मान भारत निरामयम मध्यप्रदेश द्वारा आदेश के तहत अस्पताल को जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, ऑर्थोपेडिक, यूरोलॉजी, पॉलीट्रोमा जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए मान्यता दी गई है जबकि अस्पताल में आवश्यक स्टाफ ही मौजूद नहीं है। यह विभागीय अधिकारियों और अस्पताल संचालक के बीच मिलीभगत को दर्शाता है।

#### एनएसयूआई ने अपोलो हॉस्पिटल की मान्यता निरस्त करने की मांग उठाई

एनएसयूआई नेता रवि परमार ने दर्ज कराई शिकायत में अपोलो हॉस्पिटल के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन कर अस्पताल द्वारा प्रस्तुत सभी दस्तावेज़ों और स्टाफ सूची की निष्पक्ष, विस्तृत व स्वतंत्र जांच की मांग की है। वहीं अस्पताल की मान्यता तत्काल निरस्त कर प्राथमिक जांच में फर्जीवाड़ा सिद्ध होने के चलते आष्टा अपोलो अस्पताल की मान्यता और आयुष्मान अनुबंध को तत्काल प्रभाव से रद्द किया करने एवं अस्पताल संचालक पर FIR दर्ज कर फर्जी दस्तावेज़, धोखाधड़ी और नियम उल्लंघन के तहत अस्पताल संचालक के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग सहित दो जगह रजिस्टर्ड / कार्यरत डॉक्टर, स्टाफ नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ जिनका दो जगह रजिस्टेशन पाया जाए उनका रजिस्ट्रेशन निरस्त कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है वही जिन विभागीय अधिकारियों ने बिना सत्यापन के अस्पताल को मान्यता व आयुष्मान स्वीकृति प्रदान की उनके विरुद्ध भी FIR व निलंबन की कार्रवाई करने की मांग उठाई है।

#### नगर में स्वास्थ्य सेवाओं से खिलवाड़ नहीं होगा बर्दाश्त : रवि परमार

NSUI प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने कहा कि जनता की जान के साथ खिलवाड़ करने वाली ऐसी अनियमितताओं को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फर्जी स्टाफ दिखाकर अस्पताल खोलना और शासन से लाभ लेना गंभीर अपराध है। हमने मुख्यमंत्री और विभागीय अधिकारियों से निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि NSUI आगे भी जनता की सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की पारदर्शिता के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी।

#### चेतावनी: कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन

परमार ने स्पष्ट किया है यह अस्पताल भाजपा के नेता का है जिसने अपने राजनीतिक पद का दुर्पयोग कर अस्पताल की आड़ में मरीजों की जान से खिलवाड़ करने की यह दुकान फर्जी तरीके से खोली है। यदि इस गंभीर फर्जीवाड़े की दुकान पर तत्काल कार्रवाई नहीं की जाती है और दोषियों पर एफआईआर दर्ज नहीं होती और अस्पताल की मान्यता रद्द नहीं की जाती है तो एनएसयूआई सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन शुरू करेगी।

## श्रमवीरों की मेहनत से ही विकास की मजबूत नींव रखी जाती है: मेवाड़ा

**हितग्राहियों को प्रदान की सहायता राशि**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

श्रमवीरों की मेहनत से ही विकास की मजबूत नींव रखी जाती है। उनके कल्याण के लिए राज्य सरकार ने श्रमणा पहल शुरू की है और नए श्रम कानूनों को प्राथमिकता से लागू किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के तहत प्रदेश भर के लगभग 7 हजार 227 श्रमिक भाई-बहनों के खातों में लगभग 160 करोड़ की अनुग्रह सहायता राशि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार ने अंतरित की। इस आशय की जानकारी नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने नपा के सभाकक्ष में आयोजित अनुग्रह सहायता राशि के वितरण कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों के समक्ष दी। श्री मेवाड़ा ने बताया कि प्रदेश सहित हमारे नगर के 4 संबल कार्ड पात्रधारक हितग्राहियों को 2-2 लाख रूपये की सहायता अनुग्रह राशि योजना के तहत प्राप्त हुई है आप सभी को बधाई। भाजपा सरकार जन्म से लेकर मृत्यु तक नागरिकों का साथ देती है यह सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनहितैषी योजनाओं का ही परिणाम है, जिन्होंने श्रमिकों के लिए 5 लाख तक आयुष्मान बीमा को इस योजना में जोड़ा है। वहीं गर्भवती बहनों को गर्भावस्था में काम पर न जाना पड़े, इसके लिए 16,000 की आर्थिक राशि देने का भी निर्णय लिया है।

इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, नेताप्रतिपक्ष डॉ. राजकुमार मालवीय, पार्षदगण डॉ. सलीम खान, सुभाष नामदेव, शेख रईस, अरशद अली, मेहमूद अंसारी, अतीक कुरैशी सहित हितग्राहीगण एवं नपा अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

### ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था के निर्देश

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी नगरीय निकायों एवं बड़ी ग्राम पंचायतों को निर्देश दिए हैं कि कड़ाके की ठंड को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की समुचित व्यवस्था की जाए। इससे निराश्रित लोगों, जरूरतमंदों एवं यात्रियों को ठंड से राहत मिल सकेगी। कलेक्टर ने कहा कि बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों एवं अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही अलाव के लिए पर्याप्त ईंधन की उपलब्धता बनाए।

## जन्मभूमि स्वर्ग से भी सुंदर है: संत मिट्ठूपुरा सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




इंसान दुनिया में कहीं भी चला जाए, अपनी मातृभूमि को नहीं भूल सकता। जन्मभूमि स्वर्ग से भी सुंदर है। भारत दुनिया में एकमात्र देश है। जिसे हम माता मानते हैं। वर्तमान तुष्टीकरण के युग में राष्ट्र प्रेम भी अपराध माना जा रहा है। हाल यह है कि राष्ट्र प्रेम का रंग घोल भी नहीं सकते। आस्तीन के सांपों की पोल खोल भी नहीं सकते। यही है तुष्टिकरण का मतलब, वो गलत कर सकते हैं। और हम बोल भी नहीं सकते।

उक्त विचार अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा गौ सेवार्थ आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास ग्रहस्त संत मिट्ठूपुरा सरकार द्वारा व्यक्त किए गए। आगे महाराज श्री द्वारा युवा पीढ़ी के वर्तमान व्यवहार पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया की, वर्तमान युवा शास्त्र, सत्संग,और धर्म से विमुख होते जा रहा हैं। ज्यादा समय मोबाइल में बर्बाद कर रहा है। संयुक्त परिवार प्रथा समाप्त होती जा रही है। बुजुर्गों के पास बैठना नहीं चाहते। जबकि बुजुर्गों का जीवन खुली किताब के समान है। पहले बच्चे बुजुर्गों से धर्म और देश भक्ति के किस्से सुनते थे। जिससे राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत होती थी। भरा नहीं जो भावों से, बहती हृदय रसधार नहीं। वह हृदय नहीं है, पत्थर है, जिसे अपने देश से प्यार नही। कथा के मध्य भगवान श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह की संजीव झांकी प्रस्तुत की गई। बेटी रुक्मणी की विदाई की मार्मिक कथा श्रवण कर सभी श्रोताओं की आंखों से अश्रु धारा बहने लगी। विद्वान ब्राह्मणों ने लग्न संपन्न कराया । विवाह के मंगल गीतों पर सब माता बहनों ने भाव विभोर होकर नृत्य किया। आज कथा का विश्राम दिवस है। प्रसाद राजेंद्र सिंह ठाकुर मुरावर की ओर से वितरण किया गया। इस अवसर पर कैलाश परमार, रघुनाथ सिंह मालवीय, सोनू गुणवान, रूपेश राठौर, उर्मिला मरेठा, बलजीत सिंह चौहान, कुमेर सिंहभाटी, प्रभात धड़ीवाल, मनोज नागर, जगदीश चौहान, राजेंद्र सिंह मुरावर, अमर सिंह चावड़ा, राजा पारख, जगदीश खत्री, कोमल जैन, मनोहर श्रीवास्तव, आत्माराम परमार,सहित बड़ी संख्या में माता बहने उपस्थित रही।

## कानून व्यवस्था को लेकर आष्टा और जावर में निकाला एरिया डोमिनेशन और फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




आरएएफ (रैपिड एक्शन फोर्स) भोपाल इकाई द्वारा कानून व्यवस्था की दृष्टि से अनुभाग आष्टा में एरिया डोमिनेशन एवं फ्लैग मार्च किया गया। रैपिड एक्शन फोर्स भोपाल इकाई, जो कानून-व्यवस्था की दृष्टि से जिला सीहोर हेतु आवंटित है, द्वारा जावर और आष्टा क्षेत्रों में भ्रमण किया गया। इस दौरान साम्प्रदायिक चुनौती वाले क्षेत्रों, कानून-व्यवस्था की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों, एवं अपराध-संभावित स्थानों का निरीक्षण कर संपूर्ण क्षेत्र के संबंध में आवश्यक जानकारी एकत्रित की गई।

जिला पुलिस बल के साथ समन्वय स्थापित करते हुए एरिया डोमिनेशन एवं फ्लैग मार्च निकाला गया, जिससे आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ हो सके। साथ ही किसी भी आपातकालीन स्थिति में आरएएफ द्वारा प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने की दृष्टि से भी यह भ्रमण किया गया। पुलिस अधीक्षक सीहोर के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) आष्टा की उपस्थिति में थाना आष्टा, थाना पार्वती एवं थाना जावर के बल के साथ आरएएफ कंपनी द्वारा आष्टा क्षेत्र के संवेदनशील एवं अत्यधिक व्यस्त मार्गों पर एरिया डोमिनेशन एवं फ्लैग मार्च निकाला गया। अस्पताल चौराहा, खत्री मार्केट, राम मंदिर, गंज चौराहा, सिकंदर बाज़ार, बड़ा बाजार, पुराना बस स्टैंड होते हुए भ्रमण किया गया। जहां समय-समय पर सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। जावर क्षेत्र में भी आरएएफ कंपनी एवं स्थानीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रों में एरिया डोमिनेशन करते हुए फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) आष्टा, थाना प्रभारी गिरीश दुबे, थाना प्रभारी पार्वती हरि सिंह परमार, थाना प्रभारी जावर नीता देयारवाल आरएएफ भोपाल इकाई व जिला पुलिस बल उपस्थित रहे।

### सीएमओ ने श्मशान घाट निर्माण कार्य का किया निरीक्षण, ठेकेदार को दिए निर्देश

**जावर।** जावर नगर परिषद द्वारा वार्ड 3 में विशेष निधि मद से श्मशान घाट का निर्माण कार्य किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरीश कुमार सोनी द्वारा उक्त कार्य का निरीक्षण किया। मौक़े पर उपस्थित ठेकेदार को कार्य में प्रगति लाने एवं आवश्यक निर्देश दिए। उक्त शमशान घाट सर्वसुविधा युक्त बनाया जा रहा है जिसमें नागरिकों को सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। निरीक्षण के दौरान नगर परिषद उपाध्यक्ष तेजसिंह कप्तान, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वेध, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, ठेकेदार अरोरा, इंजीनियर राधे गौतम, आडडू खान आदि आदि उपस्थित थे।



## मानस सम्मेलन की हो रही तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आगामी मानस सम्मेलन 22 दिसंबर से 26 दिसम्बर तक स्थानीय मानस भवन में होना निश्चित है। उक्त सम्मेलन में कामदगिरी पीठाधीश्वर जगतगुरु रामस्वरूपाचार्य महाराज कामतानाथ, चित्रकूट धाम की महती उपस्थिति रहेंगे जो अपनी ओजस्वी वाणी से सम्मेन में पधारने वाले सभी श्रौत्राओं को मंत्र मुग्ध कर देंगे। स्थानीय मानस सम्मेलन समिति की तैयारी अपने अंतिम पढाव पर बडे ही जोश खरोश के साथ चल रही है जिसमें समिति के समस्त सदस्य नगर नगर के प्रमुख मार्गो, मोहल्ले, मेन चौराहों पर पहुंच कर नगर के नागरिकों को विशेष रूप से आमंत्रित कर रहे हैं।

समिति पूरी निष्ठा, श्रद्धा और मनोयोग के साथ व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में में जुटी हुई है। मानस सम्मेलन समिति अध्यक्ष नारायण सिंह भूरू मुकाती ने बताया कि श्री मानस सम्मेलन में कामदगिरी पीठाधीश्वर जगदुरु रामस्वरूपाचार्य महाराज, संत दीपकदास, संत डॉ. मदनगोपालदास अधिकारी एवं बाल संत प्रियांशु जी महाराज प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक अपने अमृतमयी प्रवचनों से श्रद्धालुओं को लाभान्वित करेंगे। आयोजन समिति ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर संतों के सान्निध्य एवं श्रीराम कथा के दिव्य प्रसंगों का पुण्य लाभ प्राप्त करें।

### वर्टिस इन्फ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट ने शुरू की नई सामाजिक पहल

# हाईवे से हटाए गए अतिक्रमण, किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सुरक्षित यातायात व्यवस्था व स्वच्छ, हरित भविष्य की दिशा में डीबीसीपीएल, कॉरीडोर टीम व सीएसआर टीम द्वारा सराहनीय पहल की गई। इस पहल के अंतर्गत वर्टिस फाउंडेशन के माध्यम से ग्राम पंचायत फंदा कला में शासकीय स्कूल के सामने रोड शोल्डर पर अवैध रूप से लगी लगभग 6–7 दुकानों, जिनसे दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई थी, को हटवाया।

जन-सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समन्वित कार्रवाई के माध्यम से पूरे क्षेत्र की साफ-सफाई की गई तथा वहाँ पौधरोपण कर सड़क सुरक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा दिया गया। तेज़ी से विकसित हो रहे भारत में सड़क सुरक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर की गुणवत्ता को मजबूत बनाने के लिए वर्टिस इन्फ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट ने एक नई सामाजिक पहल की शुरुआत की है, जो सड़क रख-रखाव की उन्नत तकनीक, आम जनता की सुरक्षा और प्रशासनिक सहयोग तीनों को एक साथ जोड़ने का अनोखा प्रयास है। वर्टिस के मुताबिक, देशभर में बढ़ते सड़क हादसों और खराब सड़क स्थिति को ध्यान में रखते हुए उन्नत रोड, सेंसर-आधारित पथ-निरीक्षण सिस्टम, परियोजना कार्य शैली में जोड़ते हुवे सड़क रख- रखाव के लिए अच्छी गुणवत्ता की ऑटोमेटिक मशीनों का उपयोग शुरू किया है, जिसमे सुरक्षा के लिए अल्टीनेटर वाहन, कर्व एवं हजार्डस पेंटिंग अथवा मार्किंग ऑटोमेटिक मशीन, स्वक्ष इंडिया मिशन के अंतर्गत स्वक्षता के लिए सड़कों के किनाने से कचरा पालीथीन हटाने की ऑटोमेटिक मशीन, सड़कों को चमकीला सुन्दर दर्शाने के लिए ब्रूमर मशीन इत्यादि का उपयोग, इन मशीनों के माध्यम से सड़क की हल्की सी भी दरार, गड्ढे या संरचनात्मक कमजोरी को तुरंत पहचान कर संबंधित विभाग तक रिपोर्ट भेजी जाएगी, जिससे मरम्मत कार्य जल्द शुरू हो सकेगा तथा हयूमन विंग व वाहन चालकों का चोटिल या दुर्घटना की संभावना ना के समान होगी।

वर्टिस फाउंडेशन का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में हाईवे रोड़ों को सुरक्षित मार्ग मॉडल के रूप में विकसित करना है, जिससे भविष्य में देशभर में एक मानक प्रणाली लागू कीया जा सके। इस मौके पर सरपंच फंदा कला कृपाल सिंह सोलंकी, कॉरीडोर टीम हेड राजीव मिश्रा, रत्नेश सिंह, हर्षित विश्वकर्मा एवं कई सम्माननीय उपस्थित थे।

## उन्नतशील तीन किसान कृषि अवार्ड से हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



एक बार फिर सीहोर जिले के आष्टा व इछावर के तीन उन्नतशील किसानों ने दिल्ली में कृषि अवार्ड प्राप्त कर सीहोर जिले को गौरान्वित किया है। आष्टा अनुविभाग के ग्राम ढाकनी, खामखेड़ा जत्रा व इछावर के ग्राम गाजी खेड़ी के कृषकों को दिल्ली में सम्मानित होने पर किसान भाईयों में खुशी छाई है। किसान अनिल वर्मा ग्राम वफापुर ढाकनी को प्रथम ग्लोबल फार्मिंग इंटरनेशनल कृषि अवार्ड, कृषक राजेंद्र सिंह ठाकुर खामखेड़ा जत्रा,कृषक गोविंद वर्मा गाजी खेड़ी इछावर,अनार सिंह वर्मा इछावर क्षेत्र को जिला स्तरीय कृषि अवार्ड खेती किसानी कार्य मे नवाचार के साथ अच्छा कार्य करने पर दिया गया।